अन्यतम (सर्वश्रेष्ठ)

केंद्रीय विद्यालय कलुचक सुन्जुवान

जम्मू

OUR PRIDE

MASTER YOGESH GANGWAR

SELECTED FOR AIIMS, AFMC, NEET

&

PERSUING MBBS FROM ARMED FORCE MEDICAL COLLEGE PUNE

सन्देश

[illegible] केन्द्रीय विद्यालय संगठन
KENDRIYA VIDYALAYA SANGATHAN
[illegible] नई दिल्ली–110016
[illegible] 1–26852680
[illegible] Marg, New Delhi-110016 (India)
[illegible] bsite : www.kvsangathan.nic.in

[illegible]

[illegible] र्षिक पत्रिका का [illegible] एवं साहित्यिक [illegible] है। आशा करता [illegible] जगत के फ़लक [illegible] के लिए चयनित [illegible] ले शिक्षकों एवं [illegible]

[illegible] प्रकाशन से जुड़े [illegible] ान दिया जाएगा, [illegible] ई-पत्रिका के रूप [illegible] का ई-संकलन [illegible]

[illegible] को हार्दिक [illegible]।

[illegible]

([illegible] ष कुमार मल्ल)
आयुक्त

[illegible]

"Yoga is the journey of the self, through the self, to the self."

– The Bhagavad Gita

सन्देश

Welcome to our Clean & Green Vidyalaya

सन्देश



Brig Vikrant Kulkarni
Commander
Phone [illegible]

Headquarters
[illegible] Infantry Brigade
PIN [illegible]08036
c/o [illegible]6 APO

[illegible] (Edn)

[illegible] Aug 19

[illegible]
Principal
KV [illegible]

Dear Principal,

[illegible] wan has been [illegible] development [illegible] serves as a great [illegible] for writing with [illegible] school magazine [illegible] highlights quantifiable [illegible] activities and [illegible]

[illegible] Principal, Staff and Students [illegible] compiling this magazine.

[illegible] endeavours.

[illegible]
Chairman
VMC

प्राचार्य की कलम से ...

हमें हार्दिक प्रसन्नता कि अनुभूति हो रही है की केंद्रीय विद्यालय सुन्जुवान की विद्यालय पत्रिका "अन्यतम" प्रकाशित की जा रही है ।

"अन्यतम" बाल लेखनी में विद्यालय के छात्र / छात्राओं के प्रस्फुटित भाव, बुधि और ज्ञान की त्रिवणी के संगम के रूप में बाल प्रतिभाएं उभर कर हमारे समक्ष है । पत्रिका एक ऐसा सशक्त माध्यम है जिसके द्वारा विद्यार्थियों के सृजनात्मक, रचनात्मक कार्य एवं कल्पनाओं को पंख मिलते है । विद्यार्थी प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से इन्ही रचनाओं द्वारा सामाजिक गतिविधिओं को छूने का प्रयास करते है व आदर्श समाज के और कदम बढाने की ओर अग्रसर रहते है । विद्यालय एक ऐसी संस्था है जिसमे विद्यार्थी अनुशासन, नैतिक मूल्यों का समावेश एवं गुणवत्त शिक्षा ग्रहण कर सर्वगुण समपन्न नागरिक बनता है । हमारे विद्यालय का यही परम कर्तव्य रहा है ।

"अन्यतम" पत्रिका के सफल प्रकाशन के लिए समस्त विद्यालय परिवार की ओर से समस्त प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष सहयोग को धन्यवाद देते हुए छात्रों एवं पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ ।

जय हिन्द ।

(मनीष तुली)

प्राचार्य

संपादक की कलम से

प्रिय पाठक

"कोई आँख ऐसी नहीं होती जिसमे खवाब न हो , स्वप्न न हो , स्वप्न दरअसल हैं क्या ? आज से अलग किसी नए कल की इच्छा ही तो है, आसमान से परे उड़ने की बात हो या धरा का रूप बदल देने या अपनेपन की महक से रिश्तों को महकाने की, हर स्वप्न जब हौसले की तरकश पर चढ़कर लक्ष्य भेदने को चल पड़ता है तो कसम का नाम रख लेता है , अहद कहलाता है, वादा बनता है, वादा खुद से कि खवाब पूरा करेंगे । ये कसमें जहाँ जीवन की जदोजहद में दिखतें हैं वहीँ अपनों के प्रति प्रतिबधता के रूप में झलकती हैं, हर आशीर्वाद में बहती हैं और बच्चों की उस ठुमक में बरसती हैं , बड़ों के झुठ्मुठ के गुस्से में लिपटे प्यार में छुपी होती हैं ।

" अरुणादित्य " एक प्रयास है केंद्रीय विद्यालय सुन्जुवान के नन्हे रचनाकारों की रचनाओं के साथ की हर शब्द सार्थक एवं समस्त होगा एवं हर पाठक को अनुभूति एवं प्रतिबद्ध होने का सन्देश प्रदत्त करेगा ।"

सम्पादकीय

विवरण

खंड अ	-	हिंदी
खंड ब	-	संस्कृत
खंड स	-	अंग्रेजी
खंड ड	-	विविध

हिंदी खंड

लेख / आतमकथा

"मैं गवाह हूँ तुम्हारा"

मेरे प्यारे मित्रों, मैं गवाह हूँ तुम्हारा। तुम्हारे और अपने प्रेम का। तुम्हारे यहाँ आने का और मुझसे मिलने का।

ये सभी जानते हैं कि हमारी मित्रता कितनी गहरी है। आप यहाँ आओ और हमसे बिना मिले जाओ, ऐसा हो ही नहीं सकता।

हर सुबह मैं तुम्हारे इन्तजार में दरबाजे पर खड़ा रहता हूँ। मेरी तरह तुमभी बड़ी बेसब्री से मुझसेमिलने को बेकरार रहते हो। और हर कोई मुझसे सबसे पहले मिलना चाहता है।

यह क्या ? कैसा मिलन है ये ?जरा ठहरो तो। सबसे मिलूँगा एक–एक करके। ओह हो ! कोई मुझे इधर,खींचता है, तो कोई, उधर। जरा देखोतो, ये अपने क्या किया ? आपने तो मेरे कपड़े ही फाड़ ड़ाले।

तुम नहीं जानते, मैं तुम सबसे एक समान प्रेम करता हूँ। कुछ महानुभाव ऐसे भी हैं, जो मेरी दुर्दषा पर तरस खाकर पीछे ही रूक जाते हैं। और बड़े प्रेम से अन्त में मुझसे मिलने आते हैं।

मेरी यादाष्त कमज़ोर नहीं है। न आने वाले मित्रों को भी मैं ठीक से याद रखता हूँ। सभी मित्रों के नाम मुझे याद हैं। फिर भी आप अपने नामों के नरतर चुभो–चुभो कर, क्यों मेरे सीने को लहुलुहान करते हो। कहा ना मैं चष्मदीद गवाह हूँ तुम्हारे अपने का और मुझसे मिलने का। आपके नामों की अमिट छाप मेरे हृदय पर हमेषा अंकित रहेगी।

ज़रा सीचिए, मेरे मित्रों ने मेरी क्या हालत बना दी है। ज़ख्मों से भरा हूँ। पर हाँ मेरे कुछ अंग–संग मित्रों ने मुझ पर तरस खाकर, मेरे जख्मों पर महरम लगाया और पट्टियाँ बाँधी। मुझे नये वस्त्रों से सँवारा। षर्म आ रही थी मुझे अपने हाल पर। फटे चीथड़ों से जहाँ–तहाँ से बदन झाँक रहा था।

खैर कोई बात नहीं फिर भी आप सभी से मुझे बहुत प्यार है। मैं किसी का दिल दुखाना नहीं चाहता। आपकी खातिर कई बार मुझे झूठ भी बोलना पड़ता है। मगर क्या करुँ, आप मित्र जो ठहरे मेरे।

आपके न आने से मेरा दिल उदास हो जाता है। सारा दिन उँचता हूँ। बड़ी बोरियत होती है। हर दिन आपके दिए जख्मों को सहकर भी, न जाने क्यों मैं आपस मिलने का इन्तजार करता हूँ। पल–पल गिन कर वक्त निकालता हूँ कि आप कब यहाँ आओगे। आपकी महफिल के कहकहों की सुनकर मैं अपने सारे दर्द भूल जाता हूँ। और आपके जाने के बाद, मैं भी नई सुबह के लिए अपने ज़ख्मों को सहलाता हुआ प्राचार्य महोदय के कमरे में जाकर सो जाता हूँ।

आप घबराना नहीं मैं पक्का गवाह हूँ आपके आने और जाने का। पहचाना मुझे ?

मैं हूँ आपका मित्र

आपका अपना अटेंडेन्ट रजिस्टर (उपस्थिति पंजिका)।

कुषल षर्मा

छात्र प्रतिज्ञा–सुधार की कोशिश

छात्रगणों से निवेदन है कि ''छात्र–प्रतिज्ञा'' को प्रस्तुत करने में एकरूपता लाने की कोशिश में अपना योगदान देने की कृपा करें। जैसे छात्र–प्रतिज्ञा लिखी गई है उसी प्रकार एक छात्र द्वारा बोल कर अन्य छात्रों द्वारा दोहाराया जाए।

अनुराधा शर्मा
प्र0 स्ना0 शिक्षिका हिन्दी

डटे रहो

माना जीवन पानी का बुलबुला, पर हिम्मत न हारो तुम
आगे बढ़ने का नाम है ज़िन्दगी, रुक गए तो खत्म है ज़िन्दगी
हौसले बुलंद करो, डटे रहो, डटे रहो
आगे बढ़ने की कोशिश, तुम सदा करते रहो मन में जो ठाना है
उसको अगर पाना है तो नीदं को त्याग दो आलस्य को फटकार दो।
लक्ष्य को सामने रखकर ''अर्जुन'' से सीख 'लो' निशाने पर नज़र रख
आराम को त्याग दो हर क्षण श्रम करो, समय न बरबाद करो
लक्ष्य भी मिल जाएगा सपना पूरा हो जाएगा तुम मंजिल भी पाओगे
बात मान देख लो, डटे रहो, डटे रहो।

पूर्व विद्यार्थी
रजत शर्मा

मेरी माँ

इस दुनिया में सबसे पहले जिसका स्पर्श पाया,
जिसने सबसे पहले मेरे माथे को सहलाया।
पकड़ कर मेरी अंगुली जिसने चलना सिखाया
मेरे हर कदम के साथ जिसका साया है।
मेरे दुख जिसके आँसू बन जाते हैं
मेरी हर खुशी जिसका चेहरा बताता है।
मैं बसा हूँ जिसकी धड़कन में सांसों की तरह,
मेरे नाम से जिसका दिल खिल जाता है।
मेरे बचपन में जो बनी सहारा है,
मुझे हर कदम पर उसने सँभाला है।
उसके होते विश्वास कभी न हारा है
मैं दिल हूँ मेरी जान हैं वह,
और कोई नहीं मेरी माँ है वह।

अखिल शर्मा
दसवी 'ब'

अभिवादन

अक्सर अपने साथियों कब बड़ा देखते हैं कि एक दूसरे को देखते ही हाथ आगे बढ़ाते हुए हाथ मिलाने का सिलसिला लगातार आगे बढ़ता रहता है। सद भावना को प्रकट करने के भी अलग–अलग तरीके हैं जैसे हाथ मिलाना, मुस्कुराना, हाथ–जोड़कर नमस्कार करना या सिर पर हाथ फेर देना।

मुझे लगता है इन सब से अच्छा है हाथ जोड़कर अभिवादन करना। इससे एक तो अहंकार भी कम होता है और दूसरे के प्रति श्रद्धा भी व्यक्त होती है। विनम्रता भी आ जाती है। इसका यह भी अर्थ है मेरे दोनों हाथ आपकी सेवा के लिए अग्रसर हैं। यह भी कहा जाता है कि इकटठी हुई आलौकिक शक्ति दूसरे व्यक्ति से हाथ मिलाने पर उसके यानि कि दूसरे के हाथ में चली जाती है। इसलिए स्वस्थ रहने तथा सतोगुणी मन बनाए रखने के लिए यह जरूरी है कि हम किसी से हाथ न मिलाएँ अपितु हाथ जोड़कर ही अभिवादन करें या अभिवादन का उत्तर दें।

रितीका दूबे
सातवी 'स'

सड़क सुरक्षा हेतु हमारा दायित्व

1. यातायात के नियमों का पालन करें
2. गति सीमा का पालन करें।
3. सीट बेलट बांधे ताकि आप और आपका परिवार वाहन में सुरक्षित रहे।
4. जेब्रा क्रासिगं पर पहले पैदल यात्रियों को सड़क पार करने दें।
5. वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करें।
6. वाहन कभी भी असुरक्षित ढंग से न चलाएँ
7. हमेशा वाणी से नम्र रहें सड़क पर क्रोध न करें।
8. चौराहों पर हमेशा चौकन्ना रहें।
9. बच्चे हमेशा पीछे की सीट पर सवारी करें।
10. हमेशा घायल व्यक्ति की मदद करें।

अखिल शर्मा

सम्पादकीय

सत्र 2017–18 का यह अंक आपको सौंपते हुए अति हर्ष का अनुभव हो रहा है। यह पत्रिका एक ऐसा गुलदस्ता है जिसमें अनेक छात्र–छात्राओं ने अपने सरल और अबोध प्रयासों का एक–एक फूल सजाया है। साहित्य ही समाज का दर्पण है। यही सृजनात्मक शक्ति मानव का कल्याण करती है। आशा है कि आप इन बाल मन के कोमल भावों एवं विचारों को पढ़कर इनकी प्रतिभा को निखारने का आशार्वाद देंगे।

मैं प्राचार्य श्री मान मनीष तुली का हृदय से आभार प्रकट करती हूँ जिनके मार्गदर्शन ने इस कार्य को सफलता तक पहुँचाने की सहायता की है। मुझे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि हमारे नन्हे–मुन्ने रचनाकार अपनी इस साहित्य साधना के पथ पर निरंतर आगे बढ़ते हुए अच्छा लेखन सृजन करते हुए अपना ही नहीं विद्यालय का भी नाम रोशन करेंगे। पत्रिका के इस अंक में प्रकाशित रचनाओं के प्रतिभासंपन्न रचयिताओं, विद्यार्थियों, शिक्षकों, कार्यालयी सहयोगियों का भी बहुत–बहुत धन्यवाद जिनके अमूल्य सहयोग से ही यह पत्रिका आकार पा सकने में सफल हुई।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित

अनुराधा शर्मा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षिका (हिन्दी)

थे वो प्यारे अब्दुल कलाम

दुनियां ने जिसका किया इतराम,
थे वो प्यारे अब्दुल कलाम
कहते थे उन्हें मिसाईल मैन,
महान थे उनके सारे काम,
थे वो प्यारे अब्दुल कलाम
बच्चों से था उन्हें लगाव,
सवालों के उनके थे वो गुलाम
थे वो प्यारे अब्दुल कलाम
विश्व को दी विज्ञान की सौगात,
भारत का किया ऊँचा उन्होने नाम,
थे वो प्यारे अब्दुल कलाम
सादे सरल थे वो भारत वासी,
काम किया दिन रात, बिन विश्राम
थे वो प्यारे अब्दुल कलाम
विश्व करता रहेगा उनको सदा याद,
आओ मिलकर करे उन्हें सलाम
थे वो प्यारे अब्दुल कलाम

नाम : मनमीत कौर
कक्षा : नवमी 'स'

केन्द्रीय विद्यालय सुंजवां

शैक्षिक सत्र 2016–2017 में केन्द्रीय विद्यालय सुंजवां में स्काउट्स/गाइड्स द्वारा आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों का विवरण इस प्रकार है

1. हमारे विद्यालय में बुधवार एवं शनिवार को स्काउट्स/गाइड्स, कब्ज़/बुलबुल द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाता है।
   1. स्काउट्स/गाइड्स प्रार्थना
   2. स्काउट्स/गाइड्स प्रतिज्ञा
   3. नियम
   4. झंडा गीत
   5. विभिन्नप्रकार की गाँठें लगाना।
   6. अनुमान लगाना
   7. बी० पी० 6 प्रकार के व्यायाम
2. विश्ववन दिवसः– विश्व वन दिवस के अवसर पर प्रधानाचार्य के नेतृत्व में स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा विद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया।
3. विश्व जनसंख्या दिवसः– हमारे विद्यालय में 11 जुलाई 2016 को विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया जिसके उपलक्ष्य में स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा विविध कार्यकर्मो का प्रदर्शन किया गया जनसंख्या वृद्धि से होने वाली हानियो तथा जनसंख्या नियंत्रण पर विचार व्यक्त किए गए।
4. हमारे विद्यालय के 9 स्काउट्स तथा 14 गाइड्स ने तृतीय सोपान शिविर में प्रमाण पत्र प्राप्त किए।
5. स्वतंत्रता दिवसः– इस अवसर पर स्काउट्स/गाइड्स द्वारा साहसिक क्रियाएँ प्रस्तुत की गईं।
6. शिक्षक दिवसः– पांच सितंबर को डॉक्टर राधा कृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया गया।
7. विश्व साक्षरता दिवस :– इस दिवस पर स्काउट्स एवं गाइड्स ने साक्षरता पर अपने विचार प्रस्तुत किए।
8. शांति दिवसः– 16 सितंबर को स्काउट्स एवं गाइड्स द्वारा अंतराष्ट्रीय शांति दिवस मनाया गया, बच्चों द्वारा आतंकवाद, लूट एवं हत्या से ख़बरदार करने वाले विचार प्रस्तुत किए गए।
9. प्रथम एवं द्वितीय सोपान शिविर भी केन्द्रीय विद्यालय सुंजवां में लगाया गया।
10. हमारे विद्यालय के एक स्काउट एवं एक गाइड ने स्काउट्स एवं गाइड्स जम्बूरी में भी भाग लिया
11. स्थापना दिवस :– केन्द्रीय विद्यालय सुंजवं में स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया।
12. कब्ज़ बुलबुल उत्सव :– 22–2–17 को केंद्रीय विद्यालय सुजुवाँ में कब्ज़ बुलबुल उत्सव में पाँच विद्यालयों के कब्ज़/बुलबुल ने भाग लिया इस उत्सव में 240 प्रतिभागी थे जिन्होंने अनेक प्रतियोगितायों मे भाग लिया तथा पुरस्कार प्राप्त किय।

2016–बेसिक कोर्स गाइडस श्रीमती सुन्दरबाला पुरी

2016–बेसिक कोर्स फलाक लीडर – श्रीमती सुमन शर्मा

आज़दी

पंद्रह अगस्त का दिन कहता आज़ादी अभी अधूरी है।
सपने सच होने बाकी है,रावी की शपथ न पूरी है।।
जिनकी लाशों पर पग धर कर, आज़ादी भारत में आई।
वे अब तक हैं खानाबदोश, गम की काली बदली छाई।।
कलकते के फुटपाथों पर जो आँधी –पानी सहते हैं।
उनसे पूछो पंद्रह अगस्त के बारे में क्या कहते हैं।।
हिंदु के नाते उनका दुख सुनते यदि तुम्हें लाज आती।
तो सीमा के उस पार चलो सभ्यता जहाँ कुचली जाती।।
इंसान जहाँ बेचा जाता, ईमान खरीदा जाता है।
इस्लाम सिसकियाँ भरता है डालर मन में मुस्काता है।।
भूखों को गोली मुर्दों को हथियार पहनाए जाते है।
सूखे कंठों से जेहादी नारे लगवाए जाते हैं।।
लाहौर, कराची, ढाका पर मातम की है काली छाया।
पख्तूनो पर, गिलगित पर है गमगीन गुलामी का साया।।
बस इसीलिए तो कहता हूँ आज़ादी अभी अधूरी है।
कैसे उलास मनाऊँ मैं ? थोड़े दिन की मजबूरी हैं।।
दिन दूर नहीं खंड़ित भारत की पुनः अखंड बनाएँगे।
गिलगित से गारो पर्वत तक आज़ादी पर्व मनाएँगे।।
उस स्वर्ण दिवस के लिए आज से कमर कसें बलिदान करें।
जो पाया उसमें न खो जाएँ, जो खोया उसका ध्यान करें।।

मानसी वर्मा
बारहवी 'स'

आश्चर्य जनक तथ्य

1. **366,000,000** लोगों के लिए हिंदी 'मातृभाषा' है वहीं इस भाषा को कुल **487,000,000** लोग उपयोग करते हैं।
2. **1977** में विदेश मंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पहली बार संयुक्त राष्ट्र की आम सभा को हिंदी में संबोधित किया।
3. 'नमस्ते' शब्द हिन्दी भाषा में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला शब्द है।
4. **Google** ने कहा कि, इंटरनेट पर हिंदी कंटेंट की खपत अब बढ़ना शुरू हो गई है। यह साल–दर–साल **English** केटेंट के **19** प्रतिशत ग्रोथ के मुकाबले **94%** प्रतिशत बढ़ती रही है।
5. हिंदी भाषा भारत की उन भाषाओं में से एक है जिसका इस्तेमाल **Web address (URLS)** बनाने के लिए किया जाता है।
6. आज भी **United States America** के **45** विश्व विद्यालयों सहित पूरे विश्व के लगभग **176** विश्व विद्यालयों में हिन्दी पढ़ाई जा रही है।
7. आपके मन में हिन्दी भाषा के प्रति ये भावना तो जरूर होनी चाहिए कि हिन्दी एक मातृ भाषा है, मात्र एक भाषा नहीं।

मानसी वर्मा
बारहवी 'स'

आपस में भेदभाव

हिन्दू धर्म से नफ़रत ये कुरान नही कहता।
भारत की मस्जिदें तोड़ो ये राम नहीं कहता।
रोटी का कोई ''धर्म नही होता पानी की कोई ''जात'' नही होती।
जहाँ ''इंसानियत'' जिन्दा है बहाँ ''मजहब'' की बात नही होती।
किसी को लगता हिन्दू खतरे में है, किसी को लगता मुसलमान खतरे में है,
धर्म का चश्मा उतार कर देखो यारो..... पता चलेगा हमारा हिन्दुस्तान खतरे में है।।

शोयब मलिक
Class : XII 'C'

पहेली

1. एक ओवर क्रिकेट के खेल मे क्या आपको पता है कि एक ओवर मे कितने बाल फेंके जाते हैं
2. घुसा आँख में धागा दरजी के घर से मैं भागा बताओ मैं कौन ?
3. मैं मरूँ मैं काटूँ, तुम क्यों रोते हो।
4. काली काली माँ, लाल लाल बच्चे जिधर जाए माँ, उधर जाएं बच्चे।
5. बूझो भैया एक पहेली जब काटो तो नई नवेली
6. ऐसा कौन है जिसका आना भी खराब और जाना भी खराब ?

उत्तर

1. एक ओवर मे एक ही बाल फेकी जाती है, लेकिन 6 बार
2. बटन
3. प्याज
4. ट्रैन
5. पेंसिल
6. आँखे

नाम : मयंक खोलिया
कक्षा : नवमी 'अ'

आश्चर्यजनक त्तव

1. चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
2. होशियार लोग ज़्यादा तर अपने आप से बाते करते है।
3. सुबह एक कप चाय के बजाए एक गिलास ठंडा पानी आपकी नींद खोल देता है।
4. बानवे **92%** प्रतिशत लोग हस देते है जब उन्हे सामने वाले की बात समझ नही आती।

नाम : श्रेया जुत्शी
कक्षा : छठी 'सी'

सारी रात पढ़ते हम

सारी रात पढ़ते हम फिर भी नंबर होते कम
पेपर आता जब हिसाब उसमें लगता ज्यादा दिमाग
पेपर आता है जब अंग्रेजी उसमे हम हो जाते लेजी
पेपर आता है जब हिन्दी उसमें लगती गोल बिन्दी
पेपर आता है जब सांइस उसमें नंबर मिलते माइनस
पेपर आता जब भूगोल जिसमे मिलता अंड़ा गोल
सारी रात पढतें हम फिर भी नबंर मिलते कम।

नाम : सांची
कक्षा : आठवी 'सी'
सदन : रमन

बस एक कदम और

बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
बस एक नज़र और इस बार इशारा होगा।।
अम्बर के नीचे उन बादलों के पीछे कोई तो किरण होगी।
इस अन्धकार से लड़ने की कोई तो किरण होगी।
बस एक पहर और इस बार उजाला होगा।
बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
जो लक्ष्य को भेदें वो कोई तो तीर होगा।
इस तपती भूमि मे कहीं तो नीर होगा।
बस एक प्रयास और अब लक्ष्य हमारा होगा।
बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
बस एक नज़र और इस बार इशारा होगा।
जो मंज़िल तक पहुँचे वो कोई तो राह होगा।
अपने मन को टटोलो कोई तो चाह होगी।
जो मंज़िल तक पहुंचे वो कदम हमारा होगा।
बस एक कदम और इस बार किनारा होगा।
बस एक नज़र और इस बार इशारा होगा।।

नाम : सना चौधरी
कक्षा : नवमी 'सी'

संघर्ष करना सीखना होगा

आसान नहीं है हीरों को तराशना घंटों मेहनत करते है कोई चोट खाके भी हीरे चमकते हैं।
खुद टुकड़े होके, दूसरों की शोभा बढ़ाता है कोई।
हीरे यूँ ही नहीं चमकते, आकार ऐसा बनाना होता है।
इंद्रधनुष बनाने के लिए हर रंग को सजाना होता है।
प्रतिबिम्ब लहरों से हिल जाए, हौसलों को न हिला सकेगा।
रब चाहे तो लीला दिखाए चरणों में शरण तो मिलेगा।
आँसू बूँदें ही तो है, बहने दो.... इनका बह जाना ही अच्छा है
संजो के आँसुओं को कौन रखता है आखिर ?
यह समय ऐसा है, आज नहीं तो कल हल ज़रूर मिलेगा।
समय के साथ–साथ संघर्ष करना होगा।
जीवन में आगे बढ़ने के लिए, संघर्ष करना सीखना होगा।
बाढ़ तो खुशियों की भी आती है, उस पल का इंतज़ार करना होगा,
संघर्ष करना सीखना होगा, संघर्ष करना सीखना होगा।

स्वंरचित कविता द्वारा : गीता श्रीप्रभा
कक्षा : बारहवीं 'अ'

अदृश्य

दिख जाता है माँ का प्यार अकसर पल पल प्यार उमड़ता है
हां, थोड़ा डाँट दे पर मन मे करूणा रहती है क्या कहुँ
माँ गले से लगाकर रोऊँ तो चुप करा देती है
पर..... पिता तो अपने भाव को स्पष्ट नहीं करते
बच्चों की तमन्नओं को पूरा भी करते हैं बचपन में.....
खुश करने के लिए बन जाते खिलौनेवाला.....
कभी ताली बजाकर हँसा देते थे कभी कंधे पर बिठाकर सैर करा लाते थे.....
गुस्सा भी करते हैं कभी कभी तो कभी पल में मुस्करा देते है.....
पिता शिक्षा देते हैं जीवन में सही कर्म करने की
पिता हौंसला बनते हैं मेरी कुछ न कर पाऊँ तो....
पिता से ही सीखा है मैंने आगे बढ़ना... और बढ़ते रहना
माँ का प्यार कोई भूल नहीं सकता अमूल्य है वह..... लेकिन.....
अदृश्य है वो प्रेम पिता का पुत्री के लिए..... पर फिर भी है अतुल्य.....

स्वंरचित कविता द्वारा : गीता श्रीप्रभा
कक्षा : बारहवीं 'अ'

मौसम

कोहरा छाया ओस गिरी,
जाड़े से जनवरी भरी
दिन छोटे हैं रात बड़ी
फूल लिए फरवरी खड़ी।

तेज़ हुई सूरज की टार्च
महुआ से महका है मार्च
गाँव गली तपते खपरैल
आग लगाए है अप्रैल।

लाया धूल पसीना रे
तेज बड़े लू के नाखून
वर्षा लेकर आई है
कितनी सुखद जुलाई रे।

नाचे मयूरा होकर मस्त
आया झूले लिए अगस्त
इंद्र धनुष है अम्बर में
मौसम मुदित सितंबर में

पेड़ों ने पत्ते झाड़े, अक्टूबर के पिछवाड़े
देखो काँपने लगा बंदर, आया ठिठुरन लिए नवम्बर
धूप लगे अब तो सुंदर, खत्म साल आ गया दिसंबर।

नाम : अक्षिता सिहं
कक्षा : आठवी 'सी'

पेपर पास आए

पेपर पास आए, दिल घबराया,
जाने कितनो की जान ले जाए,
अब तो मेरा दिल ये सोच के डरता है,
पापा ले गए कमरे के अन्दर,
खूब की पापा ने पिटाई,
अकल हमारे ठिकाने पर आई,
अंत मे शुरू की पढ़ाई,
नम्बर आए हाई–फाई।

नाम : हिमाक्ष
कक्षा : सातवीं 'ब'

रबिन्द्रनाथ टेगोर जी के विचार

1. ''यदि आप रोते हो क्योंकि सूरज आपके जीवन से बाहर चला गया है और आपके आँसू आपको सितारों को देखने के लिए रोकेंगे.....''
2. ''उच्चतम शिक्षा वो हैं जो हमें सिर्फ जानकारी ही नहीं देती, बलिक हमारे जीवन को समस्त अस्तित्व के साथ सद्भाव में लाती है''
3. ''बर्तन में रखा पानी चमकता है, समुद्र का पानी अस्पष्ट होत है। लघु सत्य स्पष्ट शब्दों में बताया जा सकता है, महान सत्य मौन रहता है''।
4. ''हम ये प्रार्थना न करें कि हमारे ऊपर खतरे न आये, बल्कि ये करें कि हम उनका सामना करने में निडर रहें''।
5. ''विश्वविद्यालय महापुरुषों के निर्माण को कारखाने है और अध्यापक उन्हें बनाने वाले कारीगर है''।
6. ''सिर्फ तर्क करने वाला दिमाग एक ऐसे चाकू की तरह है जिस से सिर्फ बलेड है। यह इसका प्रयोग करने वाले के हाथ से खून निकाल देता हैं''।

नाम : रितिका
कक्षा : 12वी 'स'

ऐसी कौन सी चीज़ है

(क) जिसे आगे से तो बनाया हैं भगवान ने और पीछे से इसान ने
(ख) दो सुन्दर लड़के दोनों एक रंग के एक बिछड़ जाए तो दूसरा काम न आए
(ग) एक थाल मोतियों से भरा सबके सर पर उलटा धरा चारों ओर फिरे वो थाल मोती उससे एक गिरे

उत्तर (क) बैलगाड़ी
(ख) जूते
(ग) तारे

बापू का नारा, स्वच्छ भारत है बनाना।

भूमण्डल में गूँजे गान। मेरा भारत देश महान।।
फिर गूंजेगा बापू का गान। स्वच्छ रहे भारत का हर ग्राम।।
कूड़ा करकट का है अम्बार। सबको मिलकर करना हैं साफ।।
अपने कर्मों को सुधारें। नदियों को पवित्र बनाये।।
स्वच्छता उन्नति का आधार हैं। लम्बे जीवन का सार हैं।।
स्वच्छता आकर्षण का आधार हैं। लम्बे जीवन का सार हैं।।
संकल्प करें फिर एक बार। स्वच्छ रखें गे भारत को हर हाथ।।
बच्चे बूढें और जवान, सहयोग सेतु में बंध एक साथ।।
अच्छे दिनों को लाना हैं। भारत का मान बढ़ाना है।।

नाम : तरूनपाल सिंह
कक्षा : छठी 'अ'

ऐसा है मेरा हिंदुस्तान

ऐसा है मेरा हिंदुस्तान
पवित्र है इस की धरती
लोगों में है हौसलों की जान
ऐसा है मेरा हिंदुस्तान
छू रहा बुलंदियों को
अब बढ़ रहा है इसका ज्ञान और विज्ञान
ऐसा है मेरा हिंदुस्तान
जात और धर्म का न कोई भेदभाव
सब जन है एक समान
ऐसा है मेरा हिंदुस्तान
खुशहाली इसकी नस नस में बस्ती
रोम रोम में है मुस्कान
ऐसा है मेरा हिंदुस्तान
एकता है इसकी ऐसी
छू रहे हैं मंगलयान

ऐसा है मेरा हिंदुस्तान
संस्कृति है इसकी ऐसी
कि खुद ही आए हैं भगवान
ऐसा है मेरा हिंदुस्तान
हिंद वासी होकर
हमें होता है अभिमान
ऐसा है मेरा हिंदुस्तान

तान्या सरमाल

खुद वो बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।
Be the change you want to see in the world.
– महात्मा गांधी (Mahatma Gandhi)

KV SEN

“हमें पर्यावरण बचाना हैं।”

खतरे में हैं वन्य जीव सब।

मिल कर इन्हें बचाना हैं।

आओं हमें पर्यावरण बचाना हैं।

पेड़ न काटे बल्कि पेड़ लगाना हैं।

वन हैं बहुत कीमती इन्हें बचाना हैं।

वन देते हैं हमें ओक्सिजन इनमें न आग लगाओ।

आओं हमें पर्यावरण बचाना हैं।

जंगल अपने आप उगेंगे पेड़ फल फूल बढ़ेंगे।

कोयल कूके मैना गाये, हरियाली फैलाओ।

आओं हमें पर्यावरण बचाना हैं।

पेड़ों पर पशु पक्षी रहते।

पत्ते घास हैं खाते चरते।

घर न इनके कभी उजाड़ो,कभी न इन्हें सताओ।

आओं हमें पर्यावरण बचाना हैं।

KVSUNJW

"माटी"

माटी से ही जन्म हुआ है!
माटी में ही मिल जाना है!!
धरती से ही जीवन अपना!
धरती पर ही सजे सब सपना!!
सब जीव जन्तु धरती पर रहते!
गंगा यमुना यही पर बहते!!
सब्जी फल यहाँ ही उगते!
धन फसल यहाँ ही उपजे!!
धरती माँ की देख रेख कर!
हम को फर्ज़ निभाना है!!

माँ और भगवान

मैं अपने छोटे मुख कैसे करूँ तेरा गुण गान,

माँ तेरी समता में फीका-सा लगता भगवान..

माता कौशल्या के घर में जन्म राम ने पाया,

ठुमक-ठुमक आँगन में चल कर सब का हृदय जुड़ाया..

पुत्र प्रेम में थे निमग्न कौशल्या माँ के प्राण,

माँ तेरी समता में फीका-सा लगता भगवान..

दे मातृत्व देव की को यसुदा की गोद सुहाई..

ले लकुटी वन-वन भट के गो चारण कियो कन्हाई,

सारे ब्रज मंडल में गूँजी थी वंशी की तान..

माँ तेरी समता में फीका-सा लगता भगवान..

तेरी समता में तू ही है मिले न उपमा कोई,

तू न कभी निज सुत से रूठी मृदुता अमित समोई..

लाड़-प्यार से सदा सिखाया तूने सच्चा ज्ञान,

माँ तेरी समता में फीका-सा लगता भगवान...

कभी न विचलित हुई रही सेवा में भूखी प्यासी..

समझ पुत्र को रुग्ण मनौती मानी रही उपासी,

KV SUNJWAN

प्रेमामृत नित पिला पिला कर किया सतत कल्याण..

माँ तेरी समता में फीका-सा लगता भगवान...

'विकल' न होने दिया पुत्र को कभी न हिम्मत हारी,

सदय अदालत है सुत हित में सुख-दुख में महतारी..

काँटों पर चलकर भीतू ने दिया अभय का दान,

माँ तेरी समता में फीका-सा लगता भगवान...

KV SUNJWAN

बचपन में माँ कहती थी

बचपन में माँ कहती थीं
बिल्ली रास्ता काटे,
तो बुरा होता है
रुक जाना चाहिए...
बचपन में माँ कहती थीं
बिल्ली रास्ता काटे,
तो बुरा होता है
रुक जाना चाहिए...

मैं आज भी रुक जाता हूँ
कोई बात है जो डरा
देती है मुझे..
यकीन मानो,
मैं पुराने ख्याल वाला हूँ नहीं...
मैं शगुन-अपशगुन को भी नहीं मानता...
मैं माँ को मानता हूँ...
मैं माँ को मानता हूँ....
दही खाने की आदत मेरी
गयी नहीं आज तक..
दही खाने की आदत मेरी
गयी नहीं आज तक..
माँ कहती थीं...
घर से दही खा कर निकल
तो शुभ होता है..
खाकर निकलता हूँ...
मैं शगुन-अपशगुन को भी नही मानता...
मैं माँ को मानता हूँ...
मैं माँ को मानता हूँ....

आज भी मैं अँधेरा देख कर डर जाता हूँ,
भूत-प्रेत के किस्से खोफ पैदा करते हैं मुझमें,
जादू , टोने, टोटके पर मैं यकीन कर लेता हूँ...
बचपन में माँ कहती थी

कुछ होते हैं बुरी नज़र लगाने वाले,
कुछ होते हैं खुशियों में सताने वाले...
यकीन मानों, मैं पुराने ख्याल वाला नहीं हूँ...
मैं शगुन-अपशगुन को भी नहीं मानता....
मैं माँ को मानता हूँ....
मैं माँ को मानता हूँ...
मैंने भगवान को भी नहीं देखा जमीन पर

मैंने अल्लाह को भी नहीं देखा
लोग कहते है,
नास्तिक हूँ मैं
मैं किसी भगवान को नहीं मानता
लेकिन माँ को मानता हूँ...
में माँ को मानता हूँ....॥

KV SUNJWAN

"पिता क्या होता हैं"

"कभी अभिमान तो कभी स्वाभिमान है पिता
कभी धरती तो कभी आसमान है पिता
अगर जन्म दिया है माँ ने
जानेगा जिससे जग वो पहचान है पिता...."

"कभी कंधे पे बिठा कर मेला दिखता है पिता...
कभी बनके घोड़ा घुमाता है पिता...
माँ अगर पैरों पर चलना सिखाती है...
तो पैरों पे खड़ा होना सिखाता है पिता....."

"कभी रोटी तो कभी पानी है पिता..."

"कभी रोटी तो कभी पानी है पिता...
कभी बुढ़ापा तो कभी जवानी है पिता...
माँ अगर है मासूम सी लोरी...
तो कभी ना भूल पाऊंगा वो कहानी है पिता...."

"कभी हंसी तो कभी अनुशासन है पिता...
कभी मौन तो कभी भाषण है पिता...
माँ अगर घर में रसोई है...
तो चलता है जिससे घर वो राशन है पिता...."

"कभी ख़्वाब को पूरी करने की जिम्मेदारी है पिता...
कभी आंसुओं में छिपी लाचारी है पिता...
माँ अगर बेच सकती है जरुरत पे गहने...
तो जो अपने को बेच दे वो व्यापारी है पिता...."

"कभी हंसी और खुशी का मेला है पिता...
कभी कितना तन्हा और अकेला है पिता...
माँ तो कह देती है अपने दिल की बात...
सब कुछ समेट के आसमान सा फैला है पिता...."

KV SUNJWAN

परिश्रम का महत्त्व

देश दुनिया के प्रसिद्ध लोगों ने अपनी मेहनत परिश्रम के बल से ही दुनिया को ये अद्भुत चीजें दी है. आज हमारे महान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को ही देखिये, ये हफ्ते में सातों दिन 17-18 घंटे काम करते है, ये न कभी त्योहारों, न पर्सनल काम के लिए छुट्टी लेते है. देश का इतना बड़ा आदमी जिसे किसी को छुट्टी के लिए जबाब न देना पड़े, वह परिश्रम करने से पीछे नहीं हटता है. देश को आजादी दिलाने के लिए महात्मा गाँधी ने जी जान रात दिन एककर के मेहनत की और आज इसका फल है कि हम आजाद है. कड़ी मेहनत एक कीमत है, जो हम सफलता पाने के लिए भुगतान करते है और जिससे जीवन में खुशियाँ ही खुशियाँ आती है.

क्या है परिश्रम

शारीरिक व मानसिक रूप से किया गया काम परिश्रम कहलाता है. ये काम हम अपनी इच्छा के अनुसार चुनते है, जिसे लेकर हम अपने उज्जवल भविष्य की काम ना करते है. पहले श्रम का मतलब सिर्फ शारीरिक श्रम होता था, जो मजदूर वर्ग करता था. लेकिन अब ऐसा नहीं है, श्रम डॉक्टर, इंजिनियर, वकील, राजनीतिज्ञ, अभिनेता-अभिनेत्री, टीचर, सरकारी व प्राइवेट दफ्तरों में काम करने वाला हर व्यक्ति श्रम करता है.

परिश्रम की परिभाषा – कामयाब व्यक्ति के जीवन से हम परिश्रम के बारे में अधिक जान सकते है, उनके जीवन से हमें इस की सही परिभाषा समझ आती है. तो आज आपको कुछ बातें बता रही है, जो मेहनती व्यक्ति अपने जीवन में अपना ताहै, और सफलता कास्वाद चखता है. यही बातें/आदर्श हम अपने जीवन में उतारकर सफल हो सकते है.

समय की बर्बादी न करें – कई लोग आलस का दामन थामे रहते है, वे लोग परिश्रम करने की जगह आराम से धीरे-धीरे काम कर के जीवन बिताना चाहते है. परिश्रमी व्यक्ति कभी भी समय की बर्बादी में विश्वास नहीं रखता, वह निरंतर काम करते रहने में विश्वास रखता है. समय की बर्बादी आलसी, लोगों की निशानी है. कई बार ऐसा भी होता है कि परिश्रम करते रहने से भी मन मुताबिक फल नहीं मिलता है, या फल मिलने में देरी होती है. लेकिन इस बात से हार मानकर नहीं बैठना चाहिए. परिश्रम व काम पर विश्वास से सही समय पर सही चीज मिलही जाती है.

धन के पीछे न भागें – परिश्रम का ये मतलब नहीं है कि, पैसा कमाने की होड़ में लगे रहें. धन हमारी जिंदगी का बहुत बड़ा हिस्सा है, लेकिन धन ही ज़िन्दगी नहीं होती है. धन के पीछे परिश्रम करने से दुनिया की सुख सुविधा तो मिलती है, लेकिन कई बार मन की शांति नहीं मिलती. परिश्रम का ये मतलब नहीं कि आप ज़िन्दगी जीना छोड़ दें, और पैसे कमाने में लग जाएँ. परिश्रम करते हुए, अपने लोगों को साथ लेकर जीवन में आगे बढ़े. ज़िन्दगी जीने का नाम है, यहाँ हर वक्त ख़ुशी, मौज मस्ती करते रहें|

- इच्छा अनुसार ही काम चुने – कुछ लोग बे मन से काम करते है, जिससे वे अपना 100% उस काम में नहीं देते है. ऐसे लोग किसी और की इच्छा के अनुसार ये काम चुन लेते है, जिससे उन्हें एक दबाब महसूस होता है, और वे लोग काम में परिश्रम करने की जगह बस नाम के लिए ऐसे ही काम करते है. हमें अपनी इच्छा के अनुसार ही काम करना चाहिए, तभी उसे पुरे मन व लगन से कर पायेंगें. काम में मन लगेगा तभी हम खुद से परिश्रम करने की भी इच्छा रखेंगें.

- असफलता से हार न माने – सफल व्यक्तियों के जीवन को देखें तो जानेगें, उन्हें पहली बार में ही सफलता नहीं मिली थी. निरंतर प्रयास से वे अपने मुकाम तक पहुंचे थे. उदाहरण के तौर पर अगर शाहरुख़ खान फिल्मों में आने से पहले ही ये सोच लेता कि उसे यहाँ काम मिलेगा ही नहीं तो वह आज इतना बड़ा स्टार न बनता. अगर धीरु भाई अम्बानी उस छोटी सी कुटिया में बस बैठे रहते, मेहनत न करते तो आज इतना बड़ा अम्बानी का कारोबार न होता. अगर अब्राहम लिंकन परिश्रम न करता, स्ट्रीट लाइट में बैठकर पढाई न करते तो वे अमेरिका के राष्ट्रपति कभी न बन पाते. नरेंद्र मोदी जी परिश्रम न करते तो आज चाय की ही दूकान में बैठे होते.

ये महान हस्तियाँ हमें यही सिखाती है कि हार कर घर नहीं बैठो, बल्कि उठो आगे बढ़ो, क्यूंकि हर सुबह उम्मीद की एक नयी किरण लाती है. हमें नया दिन मिला है, मतलब परमेश्वर के पास अभी भी हमारे लिए एक अच्छी योजना है, जो हमारे भलाई के लिए है, न कि हमें नष्ट करने के लिए. परिश्रम के बल पर दुनिया में हर चीज संभव है.

KV SUNWAN

"धरती की बस यही पुकार"

धरती कह रही हैं बार बार
सुन लो मनुष्य मेरी पुकार,
बड़े बड़े महलों को बनाके
मत डालो मुझ पर भार
पेड़ पौधों को नष्ट करके,
मत उजाड़ो मेरा संसार,
धरती की बस यही पुकार!!
मैं हूँ सब की जीवन दाता
मैं हूँ सब की भाग्य विधाता,
करने दो मुझे सब जीवो पर उपकार,
मत करो मेरे पहाड़ों पर विस्फ़ोटक वार,
मत उजाड़ो मेरा संसार,
धरती की बस यही पुकार!!
सुंदर सुंदर बाग़ और बगीचे हैं मेरे,
हे मनुष्य ये सब काम आयें गें तेरे,
मेरी मिटटी में पला बड़ा तू,
तू ने यहीं अपना संसार गाढ़ा हैं,
फिर से कर ले तू विचार,
मत उजाड़ मेरा संसार,
धरती की बस यही पुकार!!
मैं रूठी तो जग रूठा,
अगर मेरे सब्र का बांध टुटा,
नहीं बचें गा कोई,
मेरे साथ अगर अन्याय करोंगे,
तो न्याय कहाँ से पाओंगे,
कभी बाढ़ तो कभी सुखा,
और भूकंप जैसी आपदा सहते जाओंगे,
धरती की बस यहीं पुकार,
मत उजाड़ों मेरा संसार!!

K V SUNJWAN

योग - ध्यान का महत्व

आज के तनावग्रस्त, रोगयुक्त, उर्जाहीन, अस्त-व्यस्त, अनियमित, अत्याधिक काम के बोझ एवं परेशानियों से घिरे जीवन में आपके चेहरे पर थोड़ी सी मुस्कान, शान्ति एवं सुकून अगर लाता है तो वह है योग-ध्यान, जिसके लिए कहीं नहीं जाना पड़ता, किसी को इसके लिए कुछ भी देना नहीं पड़ता, कुछ माँगना भी नहीं पड़ता और ना ही योग ध्यान मुश्किल काम है | बस इसके लिए अपने ही मन को पकड़ना पड़ता है जो हमें ख़ुशी- ग़म, शान्ति अशांति या क्रोध प्रेम देता है |

हमारे मन की प्रवृति क्या है :-

क. यह नकारात्मकता को पकड़ता है |

ख. यह शक के दायरे में एक दम आता है |

ग. यह मन हमेशा भूतकाल या भविष्य काल में अटका रहता है |

घ. यह वही कार्य करता है जिसके लिए इसे रोका जाए

अपने मन को कैसे पकड़े ?

हमारे मन का हमारे श्वासों के साथ सीधा-सीधा संबंध है | अगर किसी ने हमें दुख पहुँचाया, हम ग़ुस्से में हैं परेशान हैं तो हमारी श्वास तेज हो जाएगी और दूसरी तरफ़ अगर हम ख़ुश हैं सुखी है तो हमारी श्वास भी शांत और गहरी लंबी होगी | हमारी प्रत्येक श्वास हमें ऊर्जा देती है और इसी श्वास को जब हम बाहर छोड़ते हैं तो हमारे अंदर की गंदगी, toxin- कचड़ा सब बाहर आता है | क्या आप जानते हैं कि हमारा 85% कचड़ा, अंदर की गंदगी हमारी श्वासों के साथ बहार आती है और सिर्फ़ 15% गंदगी है जो नाक कान मुंह मलमूत्र द्वारा बाहर आती है | बाकी श्वासों के ज़रिये |

लेकिन फिर भी हम अपनी श्वासों की तरफ़ ध्यान नहीं देते हैं | अगर हम दिन के 24 घंटों में से आधा घंटा अपनी श्वासों के साथ बिताएँ, उन्हें देखे, सही दिशा दे तो हमारा मन हमारी मुट्ठी में होगा और मन को पकड़ते ही हम ख़ुश तनावमुक्त रोगमुक्त और ऊर्ज़ा से भरे होंगे |

आप अपनी श्वासों को सही कैसे करें ?

हमारी श्वासों से जुड़ी कई प्रक्रियाएं हैं जैसे उज्जई श्वास, भस्त्रिका, प्रणायाम की 3 स्थितियां नाड़ी शोधन प्राणायाम एवं सर्वोतम एवं प्रभावशाली प्रक्रिया "सुदर्शन क्रिया " जो हमारे श्वासों को सही दिशा देकर अंदर की गंदगी एवं नकारात्मकता को बाहर निकालने में बहुत उपयोगी सिद्ध हुई है | डॉक्टरों की रिसर्च एवं शोधन के बाद इसे तो बायोकेमिस्ट्री की किताब में भी शामिल किया गया है | (पृष्ठ 805 बायोकेमिस्ट्री सुदर्शन क्रिया)

इसलिए नियमित रूप से अगर अपनी दिनचर्या में आधा घंटा योग ध्यान, प्राणायाम एवं श्वासों से जुड़ी प्रक्रियाओं को शामिल करें तो आप सब अवश्य रोगयुक्त, तनावमुक्त, शांत, ख़ुश एवं सकारात्मक सोच के साथ ज़िंदगी बिताएंगे और एक तनाव मुक्त समाज का निर्माण करेंगे | सबसे महत्वपूर्ण कला आप अपने मन को भी पकड़कर वर्तमान में रह सकते हैं |

सुमन लता शर्मा
प्राथमिक
अध्यापिका
केंद्रीय विद्यालय,
सुन्ज्वान
जम्मू

KV SUNJWAN

विज्ञान

मनुष्य की सबसे बड़ी पहचान

हाँ भाई हाँ है विज्ञान

इसी विज्ञान से हुए अविष्कार

और हुआ जीव उपचार

आस्मां में हैं उड़ता जहाज़

ज़मीं पर चलती मोटर कार

मशीन की लत ऐसी लगी

हुए सब इन्सान बेकार

रोबोट से होता है काम

घट रहा है रोज़गार

कम्पूटर ने आकर भैया

आसान कर दिया जटिल काज

इसी विज्ञान से उन्नति हमारी

इसी विज्ञान से आपदा भी भारी

करो बुद्धि से इसका प्रयोग

मानव विकास में लगा कर

ख़त्म करो सब जटिल रोग....

नाम :- रिया कलसी
कक्षा :- नवमी ब

KV SUNDARAN

संस्कृत खंड



संस्कृत विभागः

सम्पादक मण्डलम् सम्पादक : डॉ० वी. पी. शर्मा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)

छात्र सम्पादका : 1 क्षितिज पराशर ग्ठ
2 उत्कर्ष भट्टी अष्टम 'स'
3 अरिन्दम शर्मा अष्टम 'अ'

सम्पादकीयम्

ऊँ शन्नो मित्रः, शं वरूणः शन्नो भवत्वर्यमा।
शन्न इन्द्रो बृहस्पतिः शं नो विष्णुरूक्रमः।
नमो ब्रह्मणे। नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि।
त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि।
तन्मामवतु। तद्वतारमवतु। अवतु माम्। अवतुवक्तारम्।।
ऊँ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।।

प्रिय पाठकवर्याः, सर्वेम्यः नमः।

हर्षस्य विषयोऽयम् यत् पाठकानां कृते अस्माकं सुंजुवा स्थितस्य केन्द्रीय विद्यालयस्य पत्रिकायाः वार्षिकं प्रकाशनं भवति। पत्रिकायाम् अस्याम् संस्कृत विभागान्तर्गते अनेकानाम् श्लोकानाम्, गीतानाम्, शिक्षाप्रदकथानाम् समावेशः अस्ति। विद्यालयस्य प्रचार्यवर्यः श्रीमान मनीष तुली महामागस्य कुशल नेतृत्वे, मार्गदर्शनानुसारेण च तथा छात्राणाम् सहयोगेन च कार्यमेतत सम्पन्नम् जातम्। आशासे पत्रिकायाः पुष्पमिदम् पाठकनाम् कृते लाभकारी भविष्यति। छात्राः महत्त्वपूर्ण उद्धरणं,सूक्तीन्, वेदमन्त्राणि च स्मृत्वा तान् व्यवहारे आनेतुम् प्रयासं कुर्वन्ति, एतेन संस्कृत भाषा सुदृढ़ा भविष्यति।

जयतु संस्कृतम्।
जयतु भारतम्।

डॉ. वी. पी शर्मा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)

गीतामृतम्

गीता सुगीता कर्त्तण्या किमन्यैः शास्त्र विस्तरैः।
या स्वयं पद्मनाभस्य, मुखपद्मादिवनिः सृता।।

गीता सुगीता करने योग्य है अर्थात् श्रीगीता जी को पढ़कर भली प्रकार अर्थ और भावसहित अन्तः करण में धारण कर लेना मुख्य कर्त्तण्य है जो कि स्वयं पद्मनाम भगवान श्री विष्णु के मुखारविन्द से निकली हुई है। फिर अन्य शास्त्रों के विस्तार से क्या प्रयोजन है।

यः एनं वेत्ति हन्तारम् यश्चैनं मन्यते हतम्।
उभौ तौ न विजानीतो नायं हन्ति न हन्यते।।1।।
वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णातिनरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहायं जीर्णान्यानि संयाति नवानि देहि।।2।।
यद्यदाचरति श्रेष्ठः तत्तदेवेतरो जनः। स यत्प्रमाणं कुरूते लोकस्तदनु वर्तते।।3।।
यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्मवति भारत। अम्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम।।4।।
परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय संमवामि युगे–युगे।।5।।

क्षितिज पराशर
दसवी 'ब'

गायत्री महामन्त्र

ओ३म् भूर्भूवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

शब्द अर्थ

ओ३म् सत्य, स्वरूप, सर्वव्यापक, अविनाशी, महाप्रभू का, सर्व उत्तम नाम है
भूः प्राण आधार, प्राण रक्षक
भूर्वः दुःख विनाशक दुःखहर्ता
स्वः सुख स्वरूप, आनन्द का दाता
तत् वह (इशारा परमात्मा की ओर है)
सवितु प्रकाश स्वरूप, तेजवान, सर्वउत्पादिक, (भौतिक अर्थ में सूर्यदेव)
र्वरण्यं सर्वश्रेष्ठ, वरण करने, ग्रहन करने योग्य
भर्गो शुद्ध स्वरूप, पवित्र
देवस्य देवता स्वरूप, सदा देते रहने वाला
धीमहि ध्यान करने योग्य, धारण करने योग्य
धियो बुद्धियों को
यो सविता देव अर्थात परमात्मा
नः हमारी, हम सभी की
प्रचोदयात् शुभ कर्मो में लगाए।

श्रुति नवमी 'अ'

गायत्री ज्ञान

ओ३म् भूर्भूवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गोदेवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।

भावार्थ : हे सर्व रक्षक, दुख हर्ता, प्राण आधार, सर्वाधार, समग्र ऐश्वर्य के दाता, सत् चित् आनन्द स्वरूप परमात्मा। आप सकल जगत उत्पादक, सर्वश्रेष्ठ पाप विनाशक और दिव्य गुणों का केन्द्र है। आप वर्णीय है, मल रहित, निर्लेप, शुद्ध, पवित्र है। हम आपके दिव्य तेज़ का ध्यान करते है। आप हमारी बुद्धियों के प्रेरक है, अर्थात् आप हम सब की बुद्धियों को सन्मार्ग में प्रेरित कीजिये।

सनमीत कौर आठवी 'अ'

सरस्वती वन्दना

ऊँ शुक्लां ब्रह्मविचार सार परमां आद्यां जगदव्यापिनीं,
वीणा पुस्तक धारिणीं अमयदां जाडयान्धकारापहाम्,
हस्ते सफाटिक मालिकाम विदधतीं पद्मासने,
संस्थिताम् वन्दे तां परमेश्वरींभगवतीम बुद्धि प्रदाम् शारदाम्।

नाम : उत्कर्ष भट्टी
कक्षा : आठवी 'स'

(ऊँ ऐं वाग वदिनी वदवद) स्वाहा
प्रथमं भारती नाम, दूतीयं च सरस्वती।
तृतीयं शारदा देवि चतुर्थं हंस वाहिनी।
पञ्चमं जगदीख्याता, षष्ठं वागेश्वरी तथा।
सप्तम कुमुदी प्रोक्ता, अष्टमं ब्रह्मचारिणी नवमं
बुद्धिदातृ दात्री च, दशमं वरदायिनी
एकादरां चन्द्रकान्ति, द्वादशं भुवनेश्वरी।
द्वादशैतानि नामानि त्रिसन्ध्यं यः पठेन्नर, जिहाग्रे
वसते नित्यम ब्रह्मरूपा सरस्वती।
सरस्वती महामागे विद्ये कमललोचने विश्वरूपे विशालाक्षा।

नाम : अवन्तिका
कक्षा : षष्ठी 'ब'

।। ऊँ ऐं सरस्वत्यै नमः।।
ऊँ या कुन्देन्दु तुषार हार धवला या शुभ्र वस्त्रावृता।
या वीणावरदण्डमण्डितकरा या श्वेत पद्मासना।
या ब्रह्मच्युत शंकर प्रमृतिमिः देवैः सदा वन्दिता।
सा मां पातु सरस्वती भगवती निःशेष जाडयापहा।।

नाम : अभिषेक
कक्षा :

वन्दे मातरम्

सुजलाम् सुफलाम् मलयज शीतलाम् सस्य श्यामलाम् मातरम्।। वन्दे मातरम्।।1।।
शुभ्र योत्स्नां पुलकित यामिनीम् फुल्ल कुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्।
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम् सुखदाम् वरदाम् मातरम्।। वन्दे मातरम्।।2।।
कोटि कोटि कंठ कलकल निनाद कराले कोटि कोटि भुजैधृत खरकरवालें
अबला केनो मो एतो बले बहुबल धारिणीम् नमामि तारिणीम् रिपुदल वारिणीम् मातरम्।।
वन्दे मातरम्।।3।।
तुमि विद्या तुमि धर्म तुमि ह्रदि तुमि मर्म त्वं हि प्राणाः शरीरे
बाहु ते तुमि मां शक्ति दय तुमि मां भक्ति तोमारइ प्रतिमा गडि मन्दिरे मन्दिरे।। वन्दे मातरम्।।4।।
त्वं हि दुर्गा दशप्रहरणधारिणी कमला कमलदल विहारिण वाणी विद्या दायिनी, न्मामि त्वां,
नमामि कमलाम् अमलाम्, अतुलाम, सुजलाम्, सुफलाम्, मातरम्।। वन्दे मातरम्।।5।।
श्यामलाम्, सरलाम्, सुस्मिताम्, भूषिताम् धरणीम्, भरणीम् मातरम्।। वन्दे मातरम्।।6।।

एकात्मतास्तोत्रम

(1) ॐ सच्चिदानन्दरूपाय नमोस्तु परमात्मनो। ज्योतिर्मयस्वरूपाय विश्वमांगल्यमूर्तये।।1।।
विश्वकल्याण के प्रतिमूर्ति, ज्योतिर्मय, सच्चिदानन्द स्वरूप परमात्मा को नमस्कार।।1।।

(2) प्रकृतिः पञ्च भूतानि ग्रहा लोकाः स्वरास्तथा। दिशः कालश्च सर्वेषां सदा कुर्वन्तु मंगलम्।।2।।
सत्व, रज और तमोगुण से युक्त प्रकृति पंचभूत (पुथ्वी, जल, अग्निए वायु, आकाश), नवग्रह, तीनों लोक, सातस्वर, दसों दिशाएं, काल (भूत,भविष्य, वर्तमान) ये सभी सर्वदा कयाणकारी हों।।2।।

(3) रत्नाकराधौतपदां हिमालयकिरीटिनीम्। ब्रह्मराजर्षिरत्नाढ्यां वंदे भारतमातरम्।।3।।
सागर जिसके चरण धो रहा है, हिमालय जिसका मुकुट है और जो ब्रह्मर्षि तथा राजर्षि रूपी रत्नों से समृद्ध है, ऐसी भारतमाता कि मैं वन्दना करता हूं।।3।।

(4) महेन्द्रो मलयः सह्यो देवतात्मा हिमालयः। ध्येयो रैवतको विंध्यो गिरिश्चारावलिस्तथा।।4।।
महेन्द्र (उड़ीसा में), मलयगिरि (कर्नाटक में), सह्याद्रि (पश्चिमी घाट), देवतात्मा हिमालय, रैवतक (काठियावाड़
में गिरनार) विन्ध्याचल तथा अरावली (राजस्थान) पर्वत ध्यान करने योग्य हैं।।4।।

(5) गंगा सरस्वती सिंधुर्ब्रह्मपुत्रश्चगण्डकी। कावेरी यमुना रेवा कृष्णा गोदा महानदी।।5।।
गंगा, सरस्वती, सिंधु, ब्रह्मपुत्र, गण्डकी, कावेरी, यमुना, रेवा (नर्मदा) कृष्णा, गोदावरी तथा महानदी आदि प्रमुख नदियां।।5।।

(6) अयोध्या मथुरा माया काशी कांचि अवंतिका। वैशाली द्वारिका ध्येया पुरी तक्षशिला गया।।6।।
अयोध्या, मथुरा, माया (हरिदूार), काशी, काथी (तमिलनाडु), अवन्तिका (उज्जैन), वैशाली, दूारिका, जगन्नाथपुरी, तक्षशिला तथा गया।।6।।

(7) प्रयागः पाटलिपुत्रं विजयानगरं महा इन्द्रप्रस्थं सोमनाथः तथाऽमृतसर प्रियम्।।7।।
प्रयाग, पाटलिपुत्र, विजयनगर, इन्द्रप्रस्थ (दिल्ली) सोमनाथ (गुजरात) तथा अमृतसर (पंजाब) ये नगर ध्यान करने योग्य हैं।।7।।

(8) चतुर्वेदाः पुराणानि सर्वेपनिषदस्तथा। रामायणं भारतं च गीता सद्दर्शनानि च।।8।।
चारों वेद, 97 पुराण, सभी उपनिषद्, रामायण, महाभारत, गीता तथा अन्य श्रेष्ठ दर्शन।।8।।

(9) जैनागमास्त्रिपिटका गुरुग्रंथः सतं गिरः। एषः ज्ञाननिधिः श्रेष्ठः श्रद्धेयो हृदि सर्वदा।।9।।
जैनग्रन्थ, बौद्धों का त्रिपिटक तथा गुरुग्रन्थ की सन्तों की वाणी, हिन्दू समाज का श्रेष्ठ ज्ञानकोष है। ठनके प्रति हृदय में सदा श्रद्धा गनी रहे।।9।।

(10) अरुन्धत्यनसूया च सावित्री जानकी सती। द्रौपदी कण्णगी गार्गी मीरा दुर्गावती तथा।।10।।
अरुन्धती, अनसूया, सावित्री तथा सीता, दक्ष कन्या सती, द्रौपदी, कण्णगी, गार्गी, मीरा तथा दुर्गावती।।10।।

(11) लक्ष्मीरहल्या चन्नम्मा रुद्रमाबा सुविक्रमा। निवेदिता सारदा च प्रणम्या मातृदेवताः।।11।।
मतृस्वरूप झाँसी रानी लक्ष्मीबाई, अहिलयाबाई हो ल्कर, चन्नम्मा, रुद्रमाम्बा आदि पराँमी नारियाँ, भगिनी निवेदिता तथा माँ सारदा ये वन्दनीय हैं।।11।।

(12) श्रीरामो भरतः कृष्णो भीष्मो धर्मस्तथाऽर्जुनः। मार्कण्डेयो हरिश्चंद्रः प्रह्लादो नारदो ध्रुवः।।12।।
भगवान श्रीराम, भरत, कृष्ण, भीष्प, धर्मराज युधिष्ठिर, अर्जुन, मार्कण्डेयऋषि, हरिश्चन्द्र, प्रह्लाद, नारद तथा, ध्रुव।।

(13) हनुमाञ्जनको व्यासो वसिष्टश्चं शुको बलिः। दधीचि–विश्वकर्माणौ पृथुवाल्मीकिभार्गवाः।।
हनुमान, जनक, व्यास, वसिष्ठ, शुकदेव, राजा बलि, दधीचि, विश्वकर्मा, पृथु, वाल्मीकि, भार्गव (परशुराम)।।

(14) भगीरथश्चैकलव्यो मनुर्धन्वन्तरिंस्तथा। शिबिश्च रंतिदेवश्च पुराणोद्गीतकीर्तयः।।14।।
भगीरथ, एकलव्य, मनु, धन्वन्तरि, शिबि तथा रन्तिदेव की कीर्ति पुराणों में गायी गयी है।।

(15) बुद्धा जिनेन्द्रा गोरक्षः पाणिनिश्च पतजलिः। शङ्करोमध्वनिम्बार्कौ श्रीरामानुजवल्लभौः।।15।।
बुद्ध के सभी अवतार, सभी तीर्थकर, गुरु गोरखनाथ, पाणिनि, पतंजलि, शंकराचार्य, मध्वाचार्य, निम्भांर्काचार्य, रामानुजाचार्य तथा वल्लभाचार्य।।

(16) झुलेलालोऽथ चैतन्यः तिरुवल्लुवरस्तथा। नायन्मारालवाराश्च कंबश्च बसवेश्वरः।।15।।
झूलेलाल, चैतन्य महाप्रभु, तिरुवल्लुवर, नायन्मार तथा आलवार सन्त परम्परा, कम्ब तथा बसवेश्वर।।

(17) देवलो रविदासश्च कबीरो गुरुनानकः। नरसिस्तुलसीदासो दशमेशो दृढ़व्रतः।।17।।
महर्षिदेवल, सन्त रविदास, कबीर, गुरुनानक, नरसी मेहता, तुलसीदास तथा दृढ़व्रती गुरु गोविन्द सिंह।।

(18) श्रीमत् शङ्करदेवश्च बंधु सायण–माधवौ। ज्ञानेश्वरस्तुकारामे रामदासः पुरन्दरः।।18।।
असम के वैष्णव सन्त श्रीमत् शंकरदेव, सायणाचार्यमाधवाचार्य बनधु, सन्त ज्ञानेश्वर, तुकाराम, समर्थ गुरु रामदास तथा पुरन्दरदास।।

(19) बिरसा सहजानन्दो रामानन्दस्तथा महान्। वितरन्तु सदैवैते दैवीं सद्गुण–सम्पदम्।।19।।
बिरसा मुण्डा, स्वामी सहजानन्द तथा स्वामी रामनन्द आदि महान् पुरुष सदैव समाज को श्रेष्ठ गुण प्रदान करें।।

(20) भरतर्षिः कालिदासः श्रीभोजो जकणस्तथा। सूरदासस्त्यागराजो रसखानश्च सत्कविः।।20।।
नाट्य शस्त्र के आदि गुरु भरत ऋषि, संस्कृत के विद्वान कालिदास, महाराज भोज, जकण, महात्मा सूरदास, त्यागराज (तमिलनाडु के) तथा रसखान जैसे श्रेष्ठ कवि।।

(21) रविवर्मा भातखण्डे भाग्यचन्द्रः स भूपतिः। कलावन्तश्च विख्याताः स्मरणीया निरन्तरम्।।21।।
महान् चित्रकार रविवर्म तथा विख्यात वर्तमान संगीत कला के उद्धारक भातखण्डे, मणिपुर के राजा भाग्य चन्द्र आदि विख्यात कलाकार सर्वदा स्मरणीय हैं।।

(22) अगस्त्यः कमबु कौण्डिन्यौ राजेन्द्रश्चोलवंशजः। अशोकः पुष्यमित्रश्च खारवेलः सुनीतिमान्।।
अगस्त्य, कम्बु, कौण्डिन्य, चोलवंशज राजेन्द्र, अशोक, पुष्यमित्र तथा नीतिज्ञ खारवेल।।

(23) चाणक्य–चन्द्रगुप्तौ च विक्रमः शालिवाहनः। समुद्रगुप्तः श्रीहर्षः शैलेन्द्रो ब्पारावलः।।23।।
चाणक्य, चन्द्रगुप्त, पराक्रमी विक्रम, शालिवाहन, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, शैलेन्द्र तथा बप्पारावलः।।

(24) लाचिद् भास्करवर्मा च यशोधर्मा च हूणजित्। श्रीकृष्णदेवरायश्च ललितादित्य उद्बलः।।
लाचिद् बड़फूकन भास्करवर्मा, हूणविजयी यशोधर्मा, श्रीकृष्णदेवराय तथा ललितादित्य जैसे बलशाली।।

(25) मुसुनूरिनायकौ तौ प्रतापः शिवभूपतिः। रणजीत्सिंह इत्येते विख्यातविक्रमाः।।25।।
मुसुनूरिनायकद्वय–प्रोलय नायक औश्र कप्पयनायक, महाराणा प्रताप, महाराज शिवाजी तथा रणजीत सिंह ये देश के विख्यात पराक्रमी वीर।।

(26) वैज्ञानिकाश्च कपिलः कणादः सुश्रुतस्तथा। चरको भास्कराचार्यो वराहमिहिरः सुधीः।।26।।
हमारे बुमिान वैज्ञानिक कपिलमुनि, कणाद ऋषि, सुश्रुत, चरक, भस्कराचार्य तथा वराहमिहिर।।

(27) नागर्जुनो भरद्वाजः आर्यभट्टो वसुर्बुधः। ध्येयो वयंकटरामश्च विज्ञा रामानुजादयः।।27।।
नागार्जुन, भरद्वाज, आर्य भट्ट, जगदीश चन्द्र वसु, चन्द्रशेखर, व्यंकटरमण तथा रामानुजम् जैसे प्रतिभावान वैज्ञानिक स्मरणीय हैं।।

(28) रामकृष्णो दयानन्दो रवीन्द्रो राममोहनः। रामतीर्थोऽरविंदश्च विवेकान्नद उद्यशाः।।28।।
रमकृष्ण परमहंस, स्वामी दयानन्द, रवीन्द्रनाथ ठाकुर, राजा राममोहनराय, स्वामी रामतीर्थ, महर्षि अरविन्द तथा स्वामी विवेकानन्द।।

(29) दादाभाई गोपबन्धु, तिलकोगांधिरादृताः। रमणो मालवीयश्च श्री सुब्रह्मण्यभारती।।29।।
आदरणीय दादाभाई नौरोजी, गोपबन्धु दास, लोकमान्य आल गंगाधर तिलक, महात्मा गांधी, महर्शि रमण, महामना पदनमोहन मालवीय तथा सुब्रह्मण्य भारती।।

(30) सुभाषः प्रणवानन्दः क्रांतिवीरो विनायकः। ठककरो भीमरावश्च फुले नारायणे गुरुः।।30।।
नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, प्रणवानन्द, क्रान्तिवीर विनायक दामोदर सावरकर, ठककर बाप्पा, भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिराव फुले तथा नारायण गुरु।।

(31) संघशक्तिप्रणोतारो केशवो माधवस्तथा। स्मरणीयाः सदैवैते नवचैतन्यदायकाः।।31।।
संघ–शक्ति के प्रणेता परम् पूजलीय केशव बलिराम हेडगेवार तथा माधव सदाशिव गोलवलकर हिन्दू समाज में नवीन चेतना प्रदान करने वाले ये सभी महापुरुश सदैव स्मरणीय हैं।।

(32) अनुक्ता ये भक्ताः प्रभुचरणसंसक्तहृदयाः। अनिर्दिष्टा वीरा अधिसमरमुद्ध्वस्तरिपवः।
समाजोद्धर्तारः सुहितकर विज्ञान–निपुणाः नमस्तेभ्यो भूयात् सकलसुजनेभ्यः प्रतिदिनम्।।32।।
प्रभुचरण में अनुरक्त रहने वाले अनेक भक्त जो शेष रह गये, देश की अस्मिता और अखण्डता पर प्रहार करने वाले शत्रुओं को युद्ध में परास्त करने वाले बहुत से वीर जिनका नाम ज्ञात नहीं है, जथा अन्य समाजोद्धारक, समाज के हितचिंतक तथा निपुण वैज्ञानिक एवं सभी श्रेष्ठजनों को प्रतिदिन हमारे प्रणाम समर्पित हों।।

(33) इदमेकात्मतास्तोत्रं श्रद्धया यः सदा पठेत्। स राष्ट्रधर्मनिष्ठावान् अखण्ड़ भारतं स्मरेत्।।33।।
इस एकात्मता स्तोत्र का जो सदा श्रद्धापूर्वक पाठ करेगा, राष्ट्रधर्म में निष्ठावाला वह (व्यक्ति) अखण्ड भारत का स्मरण करेगा।।

।। भारत माता मन्त्र।।

एकात्मता मन्त्र

(1) यं वैदिका मन्त्रदृशः पुराणा इन्द्रं यमं मातरिश्वानमाहुः।
वेदान्तिनोऽनिर्वचनीयमेकं यं ब्रह्मशब्देन विनिर्दिशन्ति।।1।।
प्राचीन काल के मन्त्रद्रष्टा ऋषियों ने जिसे इन्द्र, यम, मातरिश्वा कहकर पुकारा और जिस एक अनिर्वचनीय को वेदान्ती 'ब्रह्म' शब्द से निर्देश करते हैं।

(2) शैवा यमीशं शिव इत्यवोचन् यं वैष्णवा विष्णुरितिस्तुवन्ति।
बुद्धस्तथाऽर्हन्निति बौद्धजैनाः सत्–श्री–अकालेति च सिक्ख संतः।।2।।
शैव जिसको शिव और वैष्णव जिसको विष्णु कहकर स्तुति करते हैं, बौद्ध और जैन जिसे बुद्ध और अर्हन् कहते हैं तथा सिक्ख सन्त जिसे सतश्री अकाल कहकर पुकारते हैं,

(3) शास्तेति केचित् प्रकृतिः कुमारः स्वामीति मातेति पितेति भक्त्या।
यं प्रार्थयन्ते जगदीशितारं स एक एव प्रभुरद्वितीयः।।3।।

जिस जगत के स्वामी को कोई शास्ता तो कोई कुमार स्वामी कहते हैं, तो कोई स्वामी, माता, पिता कहकर भक्तिपूर्वक प्रार्थना करते हैं– वह प्रभु एक ही है और अद्वितीय है अर्थात् जिसका कोई जोड़ नहीं है।

सुभाशित

अमंत्रमक्षरं नास्ति, नास्ति मूलमनौषधम्। अयोग्यः पुरुषो नास्ति, योजकस्तत्र दुर्लभः।।

अन्वय–अमंत्रम् अक्षरम्, न अस्ति, न अस्ति, मूलम्, अनौषधम्।

अयोग्यः, पुरुषः न, अस्ति योजकः, तत्र, दुर्लभः।

अर्थ :– कोई भी अक्षर ऐसा नही होता है जिससे मंत्र ना बन सकता ऐसी कोई वनस्पति नहीं जिसकी औषधि नहीं बन सकती। प्रत्येक व्यक्ति का उपयोग किया जा सकता है। केवल योजक की आवश्यकता है। कोई भी वस्तु निरुपयोगी नहीं है। उसके उपयोग करने की क्षमता वाले व्यक्ति की आवश्यकता है।

सुभाषित

भद्रमिच्छन्त ऋषयः स्वर्विदः तपो दीक्षामुपायेदुरग्रे
ततो राष्ट्र बलमोजञ्च जातं तदस्मै देवा उपसन्नमन्तु। अथर्ववेद।

आत्मज्ञानी ऋषियों ने जगत का कल्याण करने की इच्छा से सृष्टि के प्रारम्भ में जो दीक्षा लेकर तपं किया, उससे राष्ट्र निर्माण हुआा, राष्ट्रीय बल और ओज भी ओज भी उत्पन्न हुआ इसलिए सब देवगण इस राष्ट्र के सामने विनत होकर इसकी सेवा करें।

यं शैवाः समुपासते शिव इति ब्रह्मेति वेदान्तिनो
बौद्धा बुद्ध इति प्रमाणपटवः कर्तेति नैयायिकाः।
अर्हन इत्यथ जैनशासनरताः कर्मेति नैयायिकाः।
सोयं नो विदधातु वाञ्छितफलं त्रैलोक्यनाथो हरिः।।

अर्थ :– शैव जिसे शिव, वेदान्ता जिसे ब्रह्म, बौद्ध जिसे बुद्ध, प्रमाणपटु नैयायिक जिसे कर्ता, जैन जिसे अर्हत् तथा मीमांसक जिसे कर्म नाम से व्यवहृत करते हैं, वह त्रिलोकी का स्वामी परमेश्वर हरि हमें वाञ्छित फल प्रदान करें।

।। श्री।।
भोजन पूर्व उच्चारणीय मंत्रा

ब्रह्मार्पणं ब्रह्महविर् ब्रह्माग्नौ ब्रह्मणा हुतम्। ब्रह्मैव तेन गन्तव्यं ब्रह्मकर्मसमाधिना।।

(गीता)

अर्थ :– यज्ञ में आहुति देने के साधन (स्रुक–स्रुवा हाथ की मृगि–हंस–व्याघ्र आदि मुद्रायों) अर्पण भी ब्रह्म है, हवन करने का पदार्थ हवि भी ब्रह्म है, ब्रह्मरूपी अग्नि में ब्रह्मरूप होमकर्ता द्वारा जो हवन किया गया, वह ब्रह्म है। अतः ब्रह्मरूप कर्म में समाधिस्थ पुरुष के द्वारा जो प्राप्त होने योग्य है वह ब्रह्म ही है।

ॐ सहनाववतु। सहनौ भुनक्तु। सहवीर्यं करवावहै। तेजस्विनावधीतमस्तु मा विद्विषावहै।

।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

(कृष्ण यजुर्वेद उपनिषद्)

अर्थ :– हम दोनों (गुरु और अन्तेवासी शिष्य) परस्पर मिलकर सुरक्षा करें। हम मिलकर भोग करें (देश में कोई भूखा न रहे)। हम साथ–साथ मिलकर शौर्य करें (राष्ट्र में परचक्र आने पर युद्ध करें)। हम (देश के संगठन रूपी तपश्चर्या से) उज्जवल एवं प्रदीप्त हों। हमारा अध्ययन तेजस्वी हो। परस्पर द्वेष न करें तो त्रिविध तापों (आधिभौतिक, आधिदैविक, आध्यात्मिक) से शान्ति प्राप्त हो।

।। ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ।।

वेद मंत्र

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः। समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति।।

तुम्हारी भावना याः संकल्प समान हों, तुम्हारे हृदय समान हों। तुम्हारा मन समान हो, जिससे तुम लोग परस्पर सहकार कर सको।

सूर्य नमस्कार–मन्त्रः

ध्येयः सदा सवितृमडल मध्यवर्ती नारायणः सरसिजासन– सनिविष्टः
केयूरवान् मकर–कुण्डलवान् किरीटी हारी हिरणमय वपुर्धृत–शंख–चक्र।।

1. ॐ मित्राय नमः
2. ॐ रवये नमः
3. ॐ सूर्याय नमः
4. ॐ भानवे नमः
5. ॐ खगाय नमः
6. ॐ पूष्णे नमः
7. ॐ हिरण्यगर्भाय नमः
8. ॐ मरीचये नमः
9. ॐ आदित्याय नमः
10. ॐ सावित्रै नमः
11. ॐ अर्काय नमः
12. ॐ भास्कराय नमः
13. ॐ श्री सवितृसूर्यनारायणाय नमः

आदित्यस्य नमस्कारान् ये कुर्वन्ति दिने दिने। आयुः प्रज्ञाबलंवीर्यं तेजस्तेषां तेजस्तेषा च जायते।। अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधिविनाशनम्।। सूर्यपादोदकं तीर्थं जठरे धारयाम्यहम्।।

डॉ. वी. पी. शर्मा
प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (संस्कृत)

जीवनदर्शनम्

काचित् तरुणी। तस्याः पिता महाज्ञानी। कदाचित् तरुण्याः जन्मदिनम् उपस्थितम्।
तत् निमित्ती कृत्य पिता तस्यै एकं बन्धं दत्त्वा अवदत्–''वत्से !
तव जन्मदिनं निमित्तीकृत्य मया दीयमानम् उपायनम् एतत्।
एतस्य अन्तः जीवनदर्शनम् अस्ति'' इति।
तरुणी तं बन्धं स्वीकृत्य प्रकोष्ठं गतवती, जागरूकतया तम् उद्घाटितवती च।
बन्धस्य अन्तः तिस्त्रः लघुपेटिकाः आसन। ताः तिस्त्रः अपि चित्ताकर्षिकाः।

त्रुणी कुतूहलेन प्रथमां पेटिकाम् उद्घाटितवती। तत्र कश्चन दर्पणः आसीत्। तत्र लिखितम् आसीत्–'अद्यतनी त्वम्' इति। द्वितीयायां पेटिकायां कश्चन कपालः आसीत्। तत्र लिखितम् आसीत्–'भाविनी त्वम्' इति। अनयोः तात्पर्यम् अनवगच्छन्ती तरुणी तृतीयांपेटिकाम् उदघाटितवती। तत्र ध्यानमुद्रागतस्य मुनेः लघुप्रतिमा आसीत्। तत्पर्श्वे लिखितम् आसीत्–'तव शाश्वतं रूपम्' इति।

एतेषां त्रयाणामपि उपायनानाम् अन्तर्यम् अजानती तरुणी प्रवृत्तं सर्वं विवृत्य पितामहीम् अपृच्छत्–''त्रयाणामपि किं तात्पर्यम् ?'' इति।

थ्पतामही क्षणं विचिन्त्य अवदत्–''वत्से ! दर्पणः वर्तमानस्य सक्ङेतः। तवं शद्यशी स्याः तदेव रूपं दर्शयति दर्पणः। प्रतिदिनं दर्पणं द्यष्ट्वा आत्मस्वरूपस्य विमर्शनं करणीयम् इति प्रथमस्य उपायनस्य अर्थः।''

''थ्द्वतीयमुपायनं कपालः किं सङेतयति ?'' – अपृच्छत् तरुणी।
